## महत्वपूर्ण एवं खास

### सिम्स में शार्टसर्किट से लगी आग, कोई हताहत नहीं

**बिलासपुर (आरएनएस)।** सिम्स अस्पताल में आज सुबह अचानक फिर शॉर्ट सर्किट से आग लग गई। इसके बाद एहतियात के तौर पर कुछ देर के लिए अस्पताल में बिजली बंद कर दी गई। जिसकी वजह से मरीज और उनके परिजनों को काफी परेशानी झेलनी पड़ी। घटना की पुष्टि करते हुए सिम्स पीआरओ डॉ. आरती पाण्डेय ने बताया अस्पताल में स्पार्किंग के कारण 5 मिनट तक चिंगारी निकली थी जिसे बिजली कर्मचारियों द्वारा ठीक कर दिया गया है। सभी मरीज सुरक्षित हैं अहतियात के तौर पर कुछ समय के लिए बिजली सप्लाई बंद कर दी गई थी।

### बिजली करंट से 3 गायों की मौत

**कोंडागांव।** पानी सप्लाई के लिए खोदे गए बोर में करेंट सप्लाई होने से रोजगारी पारा में 3 गाय करेंट की चपेट में आ गई, जिससे उनकी मौत हो गई। पेयजल की समस्या से निपटने के लिए नगर पालिका द्वारा नारंगी नदी से बोर के माध्यम से वार्डों में पानी सप्लाई करने की व्यवस्था की गई है। खराब बोर में बिजली के केबल टच होने से पानी पीने के लिये आ रहे तीन मवेशी इसकी चपेट में आ गए और गड्ढे में ही चिपक जाने से तीनों की मौत हो गई।

### पानी में डूबने से मासूम की मौत

**कोरबा (आरएनएस)।** पसान थाना क्षेत्र के केचुआ बंधुआ तालाब में डूबने से एक दो वर्षीय मासूम की मौत हो गई। पुलिस मामले में मर्ग कायम कर विवेचना आरंभ कर दी है। जिले के पसान थाना क्षेत्र के ग्राम धवलपुर केचुआपारा में मंगल सिंह मरकाम का परिवार निवास करता है। उसका 2 वर्षीय पुत्र राहुल मरकाम केचुआ बंधुवा तालाब के गहरे पानी में समा गया और डूबने से उसकी मौत हो गई। घटना की जानकारी पसान पुलिस को दी गई। सूचना प्राप्त होते ही पुलिस की टीम मौके पर पहुंची और पानी से शव को बाहर निकाला।

### दो किशोरी लापता, अपहरण का मामला दर्ज

**कोरबा (आरएनएस)।** रजगामार व दीपका क्षेत्र में रहने वाली दो किशोरी कुछ दिनों से लापता है परिजनों की रिपोर्ट पर पुलिस अपहरण का मामला दर्ज कर लापता किशोरियों की पतासाजी शुरू कर दी है। जानकारी के अनुसार रजगामार चौकी अंतर्गत ओमपुर कॉलोनी में तीजराम महंत पिता दयालु महंत 62 वर्ष का परिवार निवास करता है। 9 मई को उसकी 16 वर्षीय पुत्री घर से बिना बताए कहीं चली गई। तीजराम आसपास के क्षेत्र व रिश्तेदारों के यहां किशोरी की खोजबीन की लेकिन कोई जानकारी नहीं मिल पायी। तीजराम रजगामार चौकी पहुंचकर लापता किशोरी के बारे में जानकारी दी। इसी तरह दीपका थाना अंतर्गत ग्राम सिरकी से 5 मई से एक 15 वर्षीय किशोरी लापता है। सिरकी बाजार दीपका निवासी जैतराम चंद्राकर पिता ननकु राम 50 वर्ष ने भी रिपोर्ट किया है। पुलिस दोनों मामलों में धारा 363 का मामला दर्ज कर आगे की कार्रवाई की है।

### नहीं मिली मनरेगा की मजदूरी, अरसिया के रोजगार सहायक को हटाने के निर्देश

**कोरबा (आरएनएस)।** कलेक्टर श्रीमती किरण कौशल ने पोंड़ी विकासखंड के अरसिया गांव के लोगों की मनरेगा के तहत खोले गये काम की मजदूरी नहीं मिलने की शिकायत पर रोजगार सहायक को हटाने के निर्देश दिए हैं। इसके साथ ही उन्होंने गांव में मनरेगा से अन्य काम भी खोलने के निर्देश जनपद पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी को दिए। श्रीमती कौशल ने कल दोपहर अरसिया की पूर्व माध्यमिक शाला परिसर में गांव के लोगों से लगभग एक घंटे तक चर्चा की और गांव की समस्याओं तथा मांगों के बारे में पूछा। गांव के लोगों ने मनरेगा के तहत स्वीकृत किये गये कुंआ और डबरी बनाने के कामों की मजदूरी नहीं मिलने की शिकायत कलेक्टर से की। जिस पर तत्काल कार्यवाही करते हुए उन्होंने रोजगार सहायक को हटाने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने ग्रामीणों की मांग पर जाटा नाला के स्टापडेम की मरम्मत भी मनरेगा के तहत स्वीकृत कर काम चालू करने के निर्देश अधिकारियों को दिए। इस दौरान पोंड़ीउपरोड़ा के एसडीएम मनीष साहू सहित आदिम जाति कल्याण विभाग के सहायक आयुक्त बी.आर.बंजारे, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के अधिकारी गौड़ भी मौजूद रहे। अरसिया में कलेक्टर ने ग्रामीणों से पटवारी जयपाल की दैनिक उपस्थिति और कामकाज के बारे में जानकारी ली। ग्रामीणों ने पटवारी के कामकाज को संतोषजनक बताया। शासकीय उचित मूल्य की दुकान संचालन के बारे में पूछने पर ग्रामीणों ने कलेक्टर को बताया कि दुकान रोज नहीं खुलती है।

# सड़क हादसे में पति पत्नी की मौत

**» दो बेटी और पिकअप चालक घायल**

**बलौदा बाज़ार (आरएनएस)।** रायपुर से बलौदाबाजार वापस कार से अपने घर लौट रहे सोनी परिवार की कार को बलौदा बाजार से भिलाई जा रहे पिकअप में जोरदार भिड़न्त हो गया जिसमें पति पत्नी की मौत घटना स्थल पर हो गया वही कार में बैठी उनकी दो बेटियां व पिकअप चालक को गम्भीर चोटे आई जिसे 108 से पलारी अस्पताल लाया गया जहाँ प्राथमिक उपचार के बाद



उन्हें रैफर कर दिया गया तीनो घायलों को बहुत ही ज्यादा चोटें लगने से रायपुर भेजा गया।

प्राप्त जानकारी अनुसार बलौदाबाजार निवासी जोगेंद्र सोनी 57 साल पत्नी गीता सोनी 54 साल बेटी आयुषी सोनी 22 साल, नुपुर सोनी 20 साल रात्री 10,30 बजे वो रायपुर से अपने घर बलौदा बाजार अपने कार से वापस जा रहा था तभी पलारी से 6 किलोमीटर दूर ग्राम कुसमी के पास बलौदाबाजार से वापस जा रहा पिकअप चालक नद किशोर शर्मा भिलाई निवासी की दोनो गाड़ीआपस मे भिड़न्त हो गया जिससे कार सवार सभी को गम्भीर चोट आई जिसमे पति पत्नी दोनों का ही घटना स्थल पर मौत हो गया जबकि हादसे में दोनो बहन और पिकअप चालक को गम्भीर चोट आने से सभी को 108 से पलारी अस्पताल लाया गया वही घटना की खबर सुन बलौदा बाजार और पलारी के जानपहचान के लोगो की भीड़ अस्पताल में लगी रही वही बेटी आयुषी बार बार पापा को पुकारती रही पापा को देखने की जिद कर रही थी जिसे परिवार के लोगो ने मम्मी पापा का उपचार चलने का दिलासा दे बच्ची को शांत कराया मृत होने की पुष्टि डॉ पंकज वर्मा ने उन्होंने बाकी घायलों का उपचार के बाद रैफर कर दिया।

## कंपनी की फ्रेंचायजी दिलाने का झांसा देकर 15 लाख की ठगी

**रायपुर (आरएनएस)।** कंपनी की फ्रेंचायजी दिलाने के नाम पर 15 लाख रूपये की ठगी करने का मामला प्रकाश में आया है। पीड़ित ने घटना की रिपोर्ट राजेन्द्र नगर थाना में दर्ज कराई है।

पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार प्रार्थी श्रीचंद्रशेखर साहू निवासी जेएचआईजी-7दावड़ा कालोनी टिकरापारा को आरोपी राजेश मिश्रा ने शेयर मार्केट में पैसा लगाने पर फायदा दिलाने एवं लूभावने स्कीम के बारे में बताते हुए अपनी कंपनी की उसे आरंग ब्लाक में फ्रेंचायजी दिलाने का झासा देते हुए उससे 15 लाख रूपये अपने खाता में जमा करा लिए। रकम जमा करने के बाद आरोपी अपनी कंपनी बंद कर धोखाधड़ी किया। पुलिस ने मामले में आरोपी के खिलाफ धारा 420, 408, 120 बी, 34 के तहत अपराध पंजीबद्ध किया है। मामले की विवेचना जारी है।

## वाहनों में हाई सिक्योरिटी नंबर प्लेट लगाना हुआ अनिवार्य

**जगदलपुर (आरएनएस)।** परिवहन विभाग ने सभी वाहनों में हाई सिक्योरिटी नंबर प्लेट लगाना अनिवार्य कर दिया है और अप्रैल 2019 के बाद बनीं सभी गाड़ियों में शोरूम से ही इस तरह के नंबर प्लेट लगी वाहने सड़कों पर आयेंगी। जानकारी के अनुसार परिवहन विभाग ने वाहनों की चोरियों को रोकने के लिए यह कदम उठाया है। इन हाई सिक्योरिटी नंबर प्लेटों की यह विशेषता होगी कि यदि गाड़ी से इसे निकालने का कोई प्रयास किया जायेगा तो यह आसानी निकलेगी नहीं, बल्कि टूट जाएगी। प्राप्त जानकारी के अनुसार नए वाहन हाई सिक्योरिटी नंबर प्लेट के बिना आवाजाही नहीं कर सकेंगे। परिवहन मंत्रालय के निर्देश व कार्यालय द्वारा जारी आदेश के अनुसार अब शोरूम से निकलने वाली नई गाड़ियों में हाई सिक्योरिटी नंबर प्लेट लग कर आयेगी। इस नये परिवर्तन से जिले भर में विक्रय होने वाली नई वाहनों में यह प्लेट विक्रयकर्ता लगाकर ग्राहकों को वाहन प्रदान करेंगे।

## समय पर ड्यूटी नहीं आने वाले जिला अस्पताल के 8 चिकित्सकों को कारण बताओ नोटिस

**»कलेक्टर ने जिला अस्पताल का किया औचक निरीक्षण**

**धमतरी (आरएनएस)।** कलेक्टर रजत बंसल ने आज सुबह नौ बजे जिला अस्पताल का आकस्मिक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने उपस्थिति पंजी का निरीक्षण किया, जिसमें आठ चिकित्सकों के हस्ताक्षर नहीं पाए गए। निर्धारित समय पर ड्यूटी पर नहीं पहुंचने वाले आठों चिकित्सकों को उन्होंने कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश दिए हैं।



अनुपस्थित चिकित्सकों में अस्पताल अधीक्षक डॉ. एस.एम. मूर्ति, विशेषज्ञ चिकित्सक डॉ. वाय.के सिंह, डॉ. विनोद पाण्डेय, डॉ. डी.एस. देव, डॉ. आभारानी हिशीकर, डॉ. राजेश सूर्यवंशी, डॉ. विभोर नंदा तथा डॉ. पी.सी. प्रभाकर शामिल हैं। इन सभी डॉक्टरों को कारण बताओ नोटिस जारी कर तत्काल जवाब प्रस्तुत करने के निर्देश दिए हैं। इस दौरान उन्होंने अस्पताल में भर्ती मरीजों व उनके से मिलकर उनकी सेहत के बारे में भी पूछा। उल्लेखनीय है कि कलेक्टर बंसल जिले में पदस्थापना के साथ ही स्वास्थ्य सेवाओं को लेकर विशेष तौर पर गंभीर व संजीदा हैं। उन्होंने स्वास्थ्य विभाग की समय-समय पर बैठक लेकर सेवाओं व सुविधाओं में किसी प्रकार की कमी नहीं होने देने के लिए लगातार चिकित्साधिकारियों को निर्देशित किया।

# एक लाख की ईनामी महिला कमांडो पकड़ायी

**दंतेवाड़ा (आरएनएस)।** जिले में हाल में गठित दंतेश्वरी फाइटर्स महिला कमांडो की टीम ने नक्सल विरोधी अभियान में हिस्सा लेना शुरू कर दिया है। बाइक चलाने सहित अन्य जरूरी ट्रेनिंग अभी महिलाएं ले रही हैं। इसी ट्रेनिंग के हिस्से में नक्सलियों की धरपकड़ को भी शामिल किया गया और पहली ही बार में इस टीम को एक नक्सली गिरफ्तार करने में सफलता मिल गई।

दंतेवाड़ा एसपी डॉ अभिषेक पल्लव को पालनार बाड़ार में नक्सलियों के सप्लाई टीम की



सदस्य एक लाख की इनामी नक्सली मोती सोढ़ी की मौजूदगी की सूचना मिली। एसपी ने इसके लिए डीआरजी नम्बर 6 की टीम यानि दंतेश्वरी फाइटर्स की टीम को कुआकोंडा पुलिस व एसटीएफ की टीम के साथ रवाना किया। टीम में सरेंडर महिला नक्सली भी शामिल थीं। सिविल वेशभूषा में पालनार बाजार में महिला कमांडो की टीम ने घेराबंदी कर एक लाख की इनामी महिला नक्सली को गिरफ्तार किया व महिला कमांडो गिरफ्तार नक्सली को सीधे दंतेवाड़ा लेकर पहुंच गईं। यह कार्रवाई एसपी डॉ अभिषेक पल्लव के निर्देश पर इस टीम की लीडर डीएसपी दिनेश्वरी नन्द के मार्गदर्शन में की गई।

एसपी ने बताया कि गिरफ्तार नक्सली मलांगिर एरिया कमेटी सप्लाई टीम की सदस्य व सीएनएम अध्यक्ष है। नक्सलियों के लिए सामान सप्लाई करने, गांव आने पर नक्सलियों के लिए भोजन की व्यवस्था करने सहित अन्य काम करती थी। इसे पकड़ने कुआकोंडा पुलिस व एसटीएफ की टीम के साथ महिला कमांडो को भेजा गया था। टीम में सरेंडर महिला नक्सली को भी भेजा गया था। ताकि महिला नक्सली की पहचान हो सके। अभी दंतेश्वरी फाइटर्स की टीम को ट्रेनिंग दी जा रही है। जल्द ही यह टीम अकेले नक्सलियों की धरपकड़ करेगी।

## इंद्रावती तट पर बसे रामपाल के ग्रामीण बूंद-बूंद पानी को मोहताज

**जगदलपुर (आरएनएस)।** इन्द्रावती नदी से मात्र 100 कदम दूर बसा होने के बावजूद पौराणिक ग्राम रामपाल की दो बस्तियों के 80 परिवार गंभीर जल संकट से जूझ रहे हैं। कहने को तो बस्ती के सात हेण्डपंप हैं लेकिन पांच पंप का पानी पीने योग्य भी नहीं है। बस्ती वाले तेजी से वाटर लेबल गिर रहे दो हैंडपंप और नदी के भरोसे हैं। ग्रामीणों में नाराजगी है कि लगातार शिकायत के बावजूद यहां के जनप्रतिनिधि पेयजल संकट के प्रति उदासीन हैं। बस्ती



के पास इन्द्रावती नहीं होती तो शायद यह गांव कब का उजड़ चुका होता।

जिला मुख्यालय से करीब 13 किमी दूर करनपुर पंचायत का आश्रित ग्राम रामपाल है। आदिवासियों और धाकड़ ठाकुरों की यह बस्ती मंदिरपारा और खासपारा में विभक्त है।

## भटक रहे वन्य-प्राणी : तेंदूपत्ता तोड़ रहे श्रमिकों को हाथी ने दौड़ाया, वहीं गांव में घुस भालू ने दो लोगों को काटा

**महासमुंद (आरएनएस)।** भीषण गर्मी में वन्य-प्राणी भटक रहे हैं. आज शनिवार सुबह सिरपुर जंगल में तेंदूपता तोड़ने गए श्रमिकों को हाथी ने दौड़ाया. यहां से लोग जान बचाकर भागे. वहीं शुक्रवार की शाम बागबाहरा ब्लॉक सुअरमार गांव में भालू घुस गया. साथ ही हाइवे के बीचो-बीच भालू बैठकर लोगों की आवाजाही को रोक दिया. बतादें कि गर्मी की वजह से जंगल में पानी की भारी कमी है, इसके कारण पानी की तलाश में वन्य-प्राणी गांव के समीप पहुंच रहे हैं. बागबाहरा ब्लॉक के चंदरपुर में एक भालू घुस गया और यहां दो लोगों को घायल करने की खबर है। ग्रामीणों के अनुसार नर्मदा हुलुस 45 तथा दशरथ विशेषर को भालू ने काट लिया, दोनों को अस्पताल भेजा जा रहा है। हालांकि अभी तक वन विभाग की टीम नहीं पहुंच पाई है। बताया जा रहा कि हाइवे किनारे हुए इस घटना में एक भालू काफी खतरनाक हो गया है, जैसे ही लोगों का सामना उससे हो रहा उन्हें वह दौड़ा रहा है।

## बाइकर्स गिरोह ने दुकानदार से हजारों का किराना सामान लूटे

**कोरबा (आरएनएस)।** सर्वमंगला चौकी से एक किमी आगे कनकी नहर मार्ग में गत रात्रि बाइकर्स गिरोह के दो सदस्यों ने ऑटो चालक सह दुकानदार को बीच रास्ते में रोककर उसके ऑटो में रखे हजारों के किराना सामान समेत नगद रकम की लूट कर ली। एक ओर जहां ऑटो चालक भागकर इस घटना की रिपोर्ट चौकी में दर्ज कराया, वहीं दूसरी ओर लुटेरे हड़बड़ी में लूट के सामान को पार करने के साथ ही अपनी बाइक वहीं छोड़ दिए। जिसे पुलिस ने जब्त कर लिया है।

जानकारी के अनुसार कुसमुंडा थानांतर्गत ग्राम गुमिया निवासी रामलाल साहू उम्र 38 पिता दयाराम साहू अपने गांव में किराना दुकान का संचालन करता है। दुकान पर परिवार के सदस्य खाली समय में बैठते हैं। जबकि वह कभी-कभार सवारी ऑटो को चलाकर अपनी कमाई कर लेता है। कल शाम को अपने घर से किराना सामान खरीदने के लिए ऑटो लेकर कोरबा



आया था। यहां से देर शाम 7.30 बजे के लगभग अपनी ऑटो में सोयाबीन तेल, मसूर दाल, मटर व अन्य सामान लेकर सर्वमंगला चौक-कनकी नहर मार्ग से अपने गांव जाने के लिए रवाना हुआ। बताया जाता है कि सर्वमंगला चौकी से एक किमी आगे वह पहुंचा था कि बाइक सीबीजेड क्रमांक सीजी.12-एयू.2251 में सवार दो युवक पहुंचे और ओवरटेक करते हुए ऑटो को रोक लिये। जिसके बाद धमका कर एवं मामूली मारपीट कर ऑटो चालक रामलाल साहू को भगा दिए। इस दौरान लुटेरों ने ऑटो में रखे साढ़े पांच हजार कीमती उपरोक्त किराना सामानों को पार कर दिया।

# अंकिता लोखंडे सीख रहीं कथक

मशहूर टीवी अभिनेत्री अंकिता लोखंडे ने आखिरकार कथक सीखने की शुरुआत कर दी है. वह हमेशा से भारतीय शास्त्रीय नृत्य सीखना चाहती थीं. अंकिता ने अपने बयान में कहा, मुझे डांस करना बहुत पसंद है. मैं हमेशा से भारतीय शास्त्रीय नृत्य सीखना चाहती थी और कथक से बेहतर भला और क्या होगा? नृत्य के जरिए कहानी कहने की विधा मुझे पसंद है. मैंने अभी बस शुरुआत की है, अभी लंबा सफर तय करना है.




अंकिता ने लंबे वक्त तक चले टेलीविजन शो पवित्र रिश्ता से डेब्यू किया था. इसके अलावा उन्होंने डांस रियालिटी शो झलक दिखला जा में भी भाग लिया था.

हाल ही में अंकिता अपने ब्वॉयफ्रेंड के साथ एक वीडियो के चलते सुर्खियों में थीं. अभिनेता अर्जुन बिजलानी की तरफ से हाल ही में एक वीडियो शेयर किया गया है जिसमें यह कपल एक दूसरे को लिप्स किस देता नजर आया.

अर्जुन की इंस्टाग्राम स्टोरी में अंकिता और विक्की एक कॉमन फ्रेंड की शादी में म्यूजिक की धुन पर नाचते दिखाई दे रहे हैं. अंकिता और विक्की दोनों ही म्यूजिक पर झूमते नजर आते हैं, अचानक अंकिता ने विक्की को अपनी बाहों में लिया और दोनों ने एक दूसरे के लिप्स पर किस कर लिया. अंकिता ने मणिकर्णिकाः द चीन ऑफ झांसी में बॉलीवुड डेब्यू करने के साथ धूम मचा दी है. झलकारी बाई की भूमिका निभाने वाली, अंकिता को मणिकर्णिका में उनकी भूमिका के लिए काफी सराहना मिली.

## करीना कपूर की बड़ी फैन है कियारा आडवाणी



बॉलीवुड अभिनेत्री कियारा आडवाणी का कहना है कि वह करीना कपूर की बहुत बड़ी फैन है और उन्हीं की वजह से फिल्म इंडस्ट्री में आयी है।

कियारा आडवाणी आने वाली फिल्म गुड न्यूज में करीना कपूर के साथ नजर आएंगी। कियारा, करीना पर फिदा हैं। कियारा आडवाणी ने कहा है कि वह करीना कपूर खान की बहुत बड़ी फैन हैं और उन्हें फिल्म उड़ता पंजाब में देखने के बाद ही फिल्मों में आने का फैसला लिया। इस फिल्म में कियारा को दिलजीत दोसांझ और अक्षय कुमार जैसे बड़े स्टार्स के साथ भी काम करने का मौका मिल रहा है लेकिन वह इनसे ज्यादा करीना के साथ स्क्रीन शेयर करने को लेकर उत्साहित हैं। इसकी वजह है करीना के लिए उनका क्रश। कियारा ,करीना को बेहद पसंद करती हैं और उन्हें अपनी फेवरिट ऐक्ट्रेस बताती हैं। कियारा करीना की कितनी बड़ी फैन हैं, इसका अंदाजा इसी बात से आसानी से लगाया जा सकता है कि वह करीना की फिल्में बड़े ही चाव से देखती हैं और उन्हें उड़ता पंजाब फिल्म में देखने के बाद ही कियारा ने फिल्मों में अपना करियर बनाने का फैसला कर लिया था।

## अदा शर्मा के इस मदमस्त डांस पर फिदा हुए लोग

ऐक्ट्रेस अदा शर्मा उन बॉलिवुड सिलेब्रिटीज में से एक हैं जो सोशल मीडिया पर न सिर्फ ऐक्टिव रहते हैं बल्कि लोगों को जागरूक करने के साथ-साथ उनका मनोरंजन भी करते हैं। अदा शर्मा न सिर्फ अपने फनी विडियो शेयर करती रहती हैं बल्कि खुद को ट्रोल करने में भी मजे लेती हैं। लेकिन आज हम उनकी बात इसलिए कर रहे हैं क्योंकि उनका एक डांस विडियो फिर से इंटरनेट पर सुर्खियां बटोर रहा है।



महाराष्ट्र दिवस के मौके पर अदा शर्मा ने अपना एक विडियो शेयर किया है जिसमें वह अप्सरा आली गाने पर डांस करती नजर आ रही हैं।

यह डांस कितना गजब है इसका अंदाजा इस विडियो पर आ रहे फैंस के कॉमेंट्स को देखकर आसानी से लगाया जा सकता है। फैंस अदा के इस डांस स्टाइल के वाकई दिवाने हो गए हैं।

अदा शर्मा वाकई एक छुपी रुस्तम हैं। कुछ साल पहले तक लोगों ने अदा की ऐक्टिंग देखी थी, लेकिन अब उन्हें अदा शर्मा का वह रूप भी देखने को मिलता है जो शायद ही फिल्मों के जरिए देखने को मिल पाता। अभी चंद दिन पहले ही उन्होंने रणवीर सिंह स्टारर फिल्म गली बॉय के रैप सॉन्ग पर कथक कर फैंस का दिल जीत लिया था। कथक का वह डांस विडियो अदा ने अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर शेयर किया था।

इससे पहले जनवरी में अदा शर्मा अपने ऐंटी-स्मोकिंग विडियो को लेकर खूब चर्चा में रही थीं। इस विडियो में अदा बैली डांस करते नजर आईं, लेकिन बैली डांस के आखिर में अदा ने कुछ ऐसा नजारा दिखाया जिसने फैंस को भी चौंका दिया था। बात करें अदा शर्मा की फिल्म प्रॉजेक्ट्स की, तो वह जल्द ही तेलुगु फिल्म जर्सी में नजर आएंगी।